हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, रविवार, 29 जून 2025



11 सिहमा के शहीद जसवंत की 30वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि






12 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेंगे कर्मचारी...





॥ तमसो मा ज्योतिर्गमय ॥
MR DEGREE COLLEGE
Affiliated to Indira Gandhi University, Meerpur (Rewari)
GET UPTO 100% SCHOLARSHIP
COURSE AVAILABLE
B.SC. (Medical) / B.SC. (Non-Medical)
B.A. / B.COM / M.SC. (Phy. & Chem.)
B.Ed. / JBT / D-PHARMA
ADMISSION OPEN
Session 2025-26
For Admission Visit College Campus
Bus Facility Available From All Routes
MITTERPURA (M/GARH) HRY.
9466886066, 9416903367, 9416903021
mrcollegemitterpura@gmail.com


# बिजली निगम 310 किसानों को और देगा ट्यूबवेल कनेक्शन, वर्कऑडर जारी

- जिन किसानों ने वर्ष 2021 से लेकर 2023 तक ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए फाइलें जमा करवाई हुई हैं और बिजली निगम को सहमति राशि, लागत राशि और मोटर बिल जमा करवा रखे हैं, केवल उन्हीं को दिए जा रहे हैं प्राथमिकता के आधार पर कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

ट्यूबवेल कनेक्शन की इंतजार में बैठे किसानों के लिए खुशखबरी है। बिजली निगम ने अब 310 और किसानों के ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए वर्क ऑर्डर जारी कर दिया। इस वर्क ऑर्डर के तहत अगले छह माह में ट्यूबवेल कनेक्शन चालू किए जाने हैं।

उल्लेखनीय है कि किसानों को बिजली निगम ट्यूबवेल कनेक्शन देने को तैयार है और इस प्रकिया को पूरी करने के लिए कनेक्शनों के वर्कऑडर भी समय-समय पर जारी किए जाते रहे हैं। सरकार ने जब ट्यूबवेलों के कनेक्शनों के आदेश पारित किए, तब जिला महेंद्रगढ़ यानि नारनौल सर्कल में कुल 2131 कनेक्शन होने पेंडिंग थे। सरकार द्वारा आदेश जारी करने के बाद जब वर्ष 2019 से 2021 के मध्य जिन किसानों ने ट्यूबवैल कनेक्शन के लिए आवेदन किया था, प्रथम चरण में उनके कनेक्शन किए जारी किए गए। जिस पर 2131 किसानों में से 1324 किसानों ने एस्टीमेट कॉस्ट जमा करवाई थी, जिनको अब ट्यूबवेल कनेक्शन जारी किए जा रहे हैं।



नारनौल। पॉवर हाउस। फोटो : हरिभूमि

इसी योजना के तहत नारनौल डिविजन में 186 और महेंद्रगढ़ डिविजन में 124 ट्यूबवेल कनेक्शन लगाए जाएंगे। फरवरी से अब तक पांच माह में बिजली निगम द्वारा ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए यह तीसरा वर्क ऑर्डर जारी किया जाएगा। पहले जारी किए दो वर्क ऑर्डर के तहत जिलेभर में करीब 1400 से ज्यादा ट्यूबवेल कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं। इसके तहत खेतों में बिजली के खंभे और तार लगाने का कार्य किया जा चुका है। अब केवल ट्रांसफार्मर और मीटर कनेक्शन का कार्य शेष है।

### यहां लगेंगे इतने कनेक्शन

नारनौल डिविजन के अंतर्गत सिहमा में 75, नारनौल ग्रामीण में 50, अटेली में 28 तथा नांगल चौधरी में 33 किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन जारी किए जाने हैं। इसी प्रकार महेंद्रगढ़ डिविजन में महेंद्रगढ़ शहरी में 15, कनीना में 72, बुचावास में 35 तथा सतनाली में दो किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन जारी किए जाएंगे।

### यह कहते हैं अधिकारी



किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए तीसरा वर्क ऑर्डर जारी कर दिया है। दो वर्क ऑर्डर पहले हो चुके हैं। इसलिए जिन किसनों ने ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए आवेदन किया हुआ है, वे 13 जुलाई से पहले-पहले लागत राशि जमा करवा दें।

—जोगेंद्र हुड्डा, एसई, बिजली निगम, नारनौल

### पहले छमाही में दिए जाते हैं कनेक्शन

बता दें कि एक वर्ष के कार्यकाल में पहली छहमाही के दौरान ही वर्क ऑर्डर जारी किया जाते हैं। यह छह महीनों में ट्यूबवेल कनेक्शन देने का कार्य किया जाता है। ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए वर्क ऑर्डर जारी करने की प्रक्रिया इस वर्ष 13 जनवरी को शुरू की गई थी। इसलिए इस वर्ष 13 जुलाई तक ही वर्क ऑर्डर जारी किए जा सकते हैं। ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए वर्क ऑर्डर केवल उन उपभोक्ताओं के लिए जारी किए जाते हैं, जिन्होंने कनेक्शन के आवेदन के बाद सहमति राशि, लागत राशि और मोटर बिल जमा करवा दिया है।

## खबर संक्षेप

### बाबा जाट वाला मंदिर सिहमा में रोट आज

**मंडी अटेली।** खंड सिहमा के बाबा जाट वाला मंदिर में आज 29 जून को रोट आयोजित किया जा रहा है। जानकारी देते हुए सरपंच सुमन देवी ने बताया कि जाट वाला मंदिर परिसर में सुबह प्रात सवा सात बजे हवन यज्ञ किया जाएगा। उसके बाद 10 बजे बाबा का प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस रोट में आसपास के गांव से हजारों की संख्या में बाबा का प्रसाद ग्रहण करेंगे।

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक एक को

**नारनौल।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स फेडरेशन की बैठक एक जुलाई को यादव धर्मशाला में प्रातः 10 बजे आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर राज्य प्रधान मास्टर वजीर सिंह, महासचिव रतन जिंदल नौ जुलाई की हड़ताल, 15 जुलाई को उपायुक्त कार्यालय पर रिटायर्ड कर्मचारी संघ के धरने की तैयारी के लिए बैठक को संबोधित करेंगे।

### भाजपा को भारी पड़ सकती है अनदेखी, षड्यंत्र पूर्वक नामकरण बदलने के आरोप

# सीएम को 55 पंचायतों ने लिखा पत्र, मेडिकल कॉलेज का नामकरण शहीद राव तुलाराम करने की मांग

- शहीद राव तुलाराम के नामकरण की शर्त पर पंचायत ने 80 एकड़ जमीन स्वास्थ्य विभाग के नाम कराई रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

जिले में एक मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति होने पर सबसे पहले गांव कोरियावास पंचायत ने स्वास्थ्य विभाग को जमीन मुहैया कराने का प्रस्ताव दिया था। साइट को मंजूरी मिलने पर पंचायत ने विभाग के नाम करीब 80 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री करवा दी, साथ कॉलेज का नामकरण शहीद राव तुलाराम करने की गुहार लगाई थी, लेकिन राजनीतिक षड्यंत्र पूर्वक नामकरण की प्रक्रिया में पंचायती प्रस्ताव की अनदेखी कर दी। जिससे आक्रोशित ग्रामीण लगभग दो महीने से धरने पर बैठे हैं। नांगल चौधरी हलके की 55 पंचायतों ने सीएम को प्रस्ताव भेजकर शहीद को प्राथमिकता देने की मांग की है। पंचायतों की अनदेखी करना भाजपा के लिए घाटे का सौदा साबित हो सकता है।

धरने पर बैठे सरपंच के प्रतिनिधि नोनिहाल सिंह व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम की नींव 1857 में रखी गई थी। जिसमें राव तुलाराम के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता, जिन्होंने नारनौल के पास नसीबपुर मैदान में 5000 सैनिकों से साथ अंग्रेजों से लोहा लिया था। संग्राम में कई अंग्रेजी अधिकारियों को मारकर पांच हजार लड़ाकूओं के साथ शहीद हुए थे। बावजूद उनके नाम से प्रदेश में किसी भी बड़ी संस्था का नामकरण नहीं हुआ। यहां तक नसीबपुर में शहीद स्मारक के सौंदर्यीकरण में भी निम्न स्तर की राजनीति होती है। सरकार की योजना के मुताबिक जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्वीकृत किया गया था, लेकिन जमीन उपलब्ध नहीं होने के कारण निर्माण प्रक्रिया शुरू नहीं हुई। उस दौरान कोरियावास पंचायत ने स्वास्थ्य विभाग को निःशुल्क जमीन देने का प्रस्ताव भेजा था। जिसमें मेडिकल कॉलेज का नामकरण शहीद राव तुलाराम करने की मांग रखी थी। शिलान्यास समारोह में नारनौल के विधायक ओमप्रकाश यादव ने भी मुख्यमंत्री को कॉलेज का नामकरण शहीद राव तुलाराम करने का सुझाव दिया था।

सरकार ने शहीद के नाम को तव्वजो नहीं दी और ढोसी के पर्वत पर तपस्वी महर्षि च्यवन नामकरण कर दिया। जिससे आक्रोशित 65 गांवों के प्रतिनिधि धरने पर बैठे हुए हैं। बीते दिनों नांगल चौधरी हलके की 55 पंचायतों ने प्रस्ताव पारित करके सरकार को प्रेषित किया है। जिसमें कॉलेज के नामकरण को बदलने की गुहार लगाई है, लेकिन अभी तक सरकार की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आने से अहीरवाल में विरोध की चिंगारी सुलगनी आरंभ हो गई है।






नांगल चौधरी। मेडिकल कॉलेज के सामने धरने पर बैठकर शहीद राव तुलाराम नामकरण करने की मांग करते ग्रामीण व शहीद राव तुलाराम के नामकरण की मांग को लेकर प्रदर्शन करती पंचायतें। फोटो : हरिभूमि

### नामकरण में दानदाता को प्राथमिकता मिलने की परंपरा

धरने के संयोजक विकास यादव बड़कोदा ने बताया कि नांगल चौधरी में समाजसेवी चौधरी बैजनाथ ने करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण कराया था। इसके बदले उन्होंने कॉलेज का नामकरण अपने नाम से कराया। करीब तीन करोड़ की लागत मैटरनिटी अस्पताल का निर्माण कराया गया, जिसका नामकरण भी स्वयं के नाम से कराया गया। मेडिकल कॉलेज में भी निःशुल्क जमीन लेकर एक विंग का निर्माण कराया जा रहा है, इसका नामकरण भी समाजसेवी के नाम से होने की सूचना है। हजारों करोड़ की जमीन निःशुल्क दान करने के बावजूद कोरियावास पंचायत के प्रस्ताव को प्राथमिकता नहीं मिलना उचित नहीं।

# सड़क हादसे में सात वर्षीय बच्चे की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

सड़क हादसे में सात वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। बच्चे को एक तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मारी हैं। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बच्चे के पिता के बयान पर केस दर्ज किया है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। बच्चे की मौत से परिवार में मातम पसरा है। गांव माजरा कलां निवासी कर्ण सिंह ने पुलिस में दिए बताया में बताया कि शुक्रवार उसकी पत्नी व उसका सात वर्षीय बेटा कार्तिक अपनी मां के साथ घर से खेत के लिए निकला था। जब वे गांव से बाहर सेहलंग-महेंद्रगढ रोड पर बिजली पावर हाउस के पास पहुंचे। तब महेंद्रगढ़ की तरफ से एक बाइक चालक अपनी बाइक को लापरवाही से चलता हुआ आया। उनको टक्कर मार दी और सेहलंग की तरफ मोटरसाइकिल को लेकर भाग गया। परिजनों से तुरंत महेंद्रगढ़ के एक निजी अस्पताल में लेकर आएं। जहां पर जांच के बाद डॉक्टर ने घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उसे नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ़ लेकर आएं। जहां पर जांच के दौरान डॉक्टरों ने कार्तिक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। उन्होंने कहा कि आरोपी मोटरसाइकिल ड्राइवर पर कानूनी कार्रवाई की जाए।

### अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

**महेंद्रगढ़।** सतनाली-नावां रोड पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई है। सतनाली पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पत्नी के बयान पर पुलिस ने अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव खेड़ी फिलहाल सतनाली निवासी पूजा ने पुलिस में दिए बयान में बताया कि उसका 42 वर्षीय पति नरेश हलवाई का काम करता था। शुक्रवार देर शाम वह सतनाली से बाइक पर अपने गांव खेड़ी गया था। वह अपने गांव खेड़ी से वापस सतनाली आ रहा था। सतनाली व नावां के बीच अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया।

# पेड़ पर फंदा लगाकर व्यक्ति ने की आत्महत्या

**नारनौल।** उपमंडल के गांव बलाहा कलां में करीब 42 वर्षीय एक व्यक्ति ने पेड़ पर फंदा लगाकर मौत को गले लगा लिया। प्रातःकाल को खेतों में लोगों ने पेड़ पर शव लटका देख इसकी सूचना पुलिस को दी। गहली पुलिस ने मौके पर पहुंच आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

जानकारी के अनुसार गांव बलाहा कलां निवासी करीब 42 वर्षीय राजेंद्र सिंह ने एक बाजरे के खेत में जाकर नीम के पेड़ से फंदा लगा लिया और आत्महत्या कर ली। सवेरे जब लोगों ने पेड़ पर शव लटका देखा तो करीब सुबह सात बजे पुलिस को सूचना दी। सूचना के आधार पर गहली पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। शव की पहचान राजेंद्र सिंह के रूप में होने पर परिजनों के बयान पर कानूनी कार्रवाई की गई। फिलहाल राजेंद्र की आत्महत्या के कारण अज्ञात हैं तथा उसके पास से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। मृतक अपने पीछे दो बच्चे छोड़ गया है, जिसमें से एक की आयु करीब 13 वर्ष और दूसरा उससे छोटा है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करने उपरांत शव का नागरिक अस्पताल नारनौल से पोस्टमार्टम कराया तथा उसे परिजनों को सौंप दिया।

# स्वर्ण व्यापारियों को राजस्थान पुलिस ले जा रही उठाकर, एसपी से रोकने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

सर्राफा एसोसिएशन व मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार सभा ने राजस्थान पुलिस द्वारा स्थानीय पुलिस को बिना सूचित किए यहां के स्वर्ण व्यापारियों को उठाकर ले जाने बारे पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ को एक ज्ञापन सौंपा तथा स्वर्ण व्यापारियों पर हो रहे इस जुल्म को रोकने की मांग की।

नारनौल सर्राफा एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र सोनी, मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार सभा के प्रधान राजेंद्र प्रसाद सोनी व राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच जिला महेंद्रगढ़ के प्रधान शंकर लाल सोनी ने बताया कि राजस्थान की पुलिस बिना स्थानीय पुलिस स्टेशन को सूचित किए हुए यहां के व्यापारियों को उठाकर ले जाती है, जो की कानून के लिहाज से पूरी तरह गलत है। सभी स्वर्णकार समाज एवं सर्राफा एसोसिएशन के सदस्य व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक से मांग करते हुए कहा कि वे स्वयं सुनिश्चित कराएं कि जब किसी अन्य राज्य की पुलिस शहर में आती है तो वह स्थानीय पुलिस स्टेशन में सूचित करें और यहां की पुलिस को अपने साथ लेकर आए। उसके बाद ही वह अपनी कार्रवाई करें। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस सुनिश्चित करे, उसके बाद ही अन्य राज्य की पुलिस यहां के व्यापारियों को पूछताछ के लिए अपने साथ लेकर जाए। पुलिस अधीक्षक ने सभी सर्राफा व्यापारी एवं स्वर्णकार समाज के लोगों की बातों को पूरे ध्यान से सुना और उन्हें विश्वास दिलाया कि वे इसके ऊपर आगे से इस पर पूरी तरह अमल कराने की कोशिश करेंगी। इस मौके पर पूर्व पार्षद एवं ग्रीवेंस कमेटी के पूर्व सदस्य दयानंद सोनी, प्रधान सर्राफा एसोसिएशन सुरेंद्र सोनी, प्रधान स्वर्णकार समाज राजेंद्र प्रसाद सोनी, जिला अध्यक्ष शंकरलाल सोनी, उपप्रधान सर्राफा एसो. भारत जोहरी, कुणाल सोनी, नंदलाल सोनी, मोतीराम सोनी, जोनी सोनी, लख्मीराम सोनी, सचिव कैलाश चंद सोनी आदि मौजूद थे।



नारनौल। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ को ज्ञापन सौंपते स्वर्णकार समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

### एमए पत्रकारिता एवं जनसंचार में दाखिले के लिए 30 जून तक कर सकते हैं पंजीकरण

# मीडिया व मनोरंजन उद्योग के क्षेत्र में करियर के लिए लांच पैड है पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग के क्षेत्र में करियर बनाने की चाह रखने वाले विद्यार्थी हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में 30 जून तक दाखिले के लिए आनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने बताया कि जो विद्यार्थी डिजिटल मीडिया, जनसंपर्क, विज्ञापन, फिल्म, कॉरपोरेट कम्युनिकेशन, एआई एवं मीडिया, टेलिविजन, रेडियो, डिजिटल एवं फिल्म उद्योग में कॅरियर बनाना चाहते हैं, वे हकेंवि के पत्रकारिता एवं जनंसचार विभाग से जुड़ सकते हैं। विश्वविद्यालय में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि श्रेष्ठ मानव व मीडिया उद्योग के लिए मानव संसाधन ही विभाग का उदेश्य है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में विभाग में नियमित एमए जनसंचार, पीएचडी जनसंचार के साथ-साथ दूरवर्ती शिक्षा के अंतर्गत भी विभाग एमए जनसंचार पाठ्यक्रम उपलब्ध है। मीडिया उद्योग के लिए श्रेष्ठ मानव संसाधन विभाग में तैयार हो इसके लिए विश्वविद्यालय की और से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मीडिया के विद्यार्थियों को मीडिया उद्योग का व्यवहारिक प्रशिक्षण विद्यार्थियों को मिले इसके लिए विभाग में नियमित रूप में टेलिविजन कार्यक्रम निर्माण, समाचार पत्र निर्माण, रेडियो कार्यक्रम निर्माण, डिजिटल एवं सोशल मीडिया कंटेंट निर्माण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विभाग के विद्यार्थी हर सप्ताह बहुभाषी पॉजिटिव न्यूज टेलिविजन बुलेटिन, सीयूएच स्टूडेंट लैब जर्नल व सीयूएच स्टूडेंटस जर्नलिस्ट नाम से अपना ब्लॉग चला रहे हैं।

विभाग के प्रोफेसर आफ प्रेक्टिस प्रकाश ने कहा कि जो विद्यार्थी फिल्म निर्माण की बारीकियों को सीखना चाहता है वे हरियाणा केंद्रीय विद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग को चुन सकते हैं। उन्होंने बताया कि विभाग में फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी एवं वीडियो संपादन के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। दाखिले के इच्छुक अभ्यर्थी पंजीकरण कर सकते हैं। विस्तृत विवरण व जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

हकेंवि भवन



### विभाग दूसरे व चौथे समेस्टर में विद्यार्थियों को इंटरनशिप करता है ऑफर

विभागाध्यक्ष डॉ अशोक कुमार ने बताया कि विभाग दूसरे व चौथे समेस्टर में विद्यार्थियों को इंटरनशिप आफर करता है जिसके कारण विद्यार्थियों को सीधे मीडिया उद्योग से जुड़ने का अवसर मिलता है। वर्तमान में विभाग के 100 से अधिक विद्यार्थी मीडिया के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### ग्राम पंचायत ढाणा ने किया पौधरोपण

**नारनौल।** कनीना के गांव ढाणा में सरपंच राधेश्याम यादव के नेतृत्व में गांव के श्मशान घाट में ग्रामीणों के सहयोग से अनेक पौधे लगाए गए। सरपंच ढाणा ने बताया सरकार द्वारा चलाई जा रही एक पेड़ मां के नाम से चलाई जा रही योजना से प्रेरित होकर आज गांव के श्मशान घाट में पौधरोपण किया गया। इसके साथ ही हम सभी ने प्रण किया है। हम इन पौधों की पूरी देखभाल करेंगे और आने वाले बरसात के समय में गांव ढाणा में एक हजार पौधे लगाने और उनको पालने का प्रण किया है। इस मौके पर राजसिंह ठेकेदार, ग्राम सचिव विकास, हवलदार आकाश यादव, अनुज ढाणा, महेश, अंकुर व सुनील सेठी आदि ग्रामीण हाजिर रहे और पौधेरोपण में सहयोग किया।



### कॉलेजियम मेंबर के लिए हेमंत ने किया नामांकन

**नारनौल।** जिला गौड़ ब्राह्मण सभा में त्रिवार्षिक कॉलेजियम मेंबर चुनाव के लिए शनिवार को नामांकन शुरू हो गया। जिला के वार्ड नंबर 54 से समाजसेवी हेमंत कृष्ण भारद्वाज एडवोकेट सिहमा ने अपना चुनाव नामांकन पत्र मुख्य चुनाव अधिकारी गौड़ ब्राह्मण सभा मनीष वशिष्ठ एडवोकेट, सहायक चुनाव अधिकारी नरेश जोशी को उपस्थिति में सौंपा। हेमंत भारद्वाज एडवोकेट के चुनाव प्रस्तावक के रूप में उनके साथ उनके वार्ड के लक्ष्मीनारायण जोशी ने उनके चुनाव फार्म पर हस्ताक्षर करके अपनी सहमति दी है। गौरतलब है कि वार्ड 54 में एक दर्जन गांव व इनमें 43 वोट समाज के लोगों के है, जिसमें सबसे अधिक वोट सिहमा गांव में है। जिला गौड़ ब्राह्मण सभा के जिलेभर से इस बार 87 सदस्य निर्वाचित होने है।

### मोबाइल वैन चिकित्सा दल ने लोगों की स्वास्थ्य जांच की

**कनीना।** गांव उन्हानी में ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच करने के लिए स्वास्थ्य विभाग नारनौल से मोबाइल वैन टीम पहुंची। उप नागरिक अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ. रेणु वर्मा एवं टीबी यूनिट इंचार्ज डॉ. हनुमान के दिशा-निर्देश में यह स्वास्थ्य जांच कैंप लगाया गया। स्वास्थ्यकर्मी राजबीर सोनी ने बताया कि स्वास्थ्य जांच टीम में रमन नर्सिंग ऑफिसर, सुदेश एलटी, लक्ष्मी फार्मेसी आफिसर, कृष्ण कुमार ने स्वास्थ्य कैंप में आए 238 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की। टीबी यूनिट कनीना के एसटीएस पवन कुमार, टीबी एचवी युद्धवीर, हूमन कोरियर देवेंद्र कुमार ने टीबी की जांच के लिए 10 मरीजों के बलगम के सैंपल लिए एवं उनकी एचआईवी जांच की गईं। मौके पर सीएचओ डॉ. हिमानी, स्वास्थ्यकर्मी राजबीर सोनी, एएनएम नवीन, नीलम, आशा वर्कर मुनेश उपस्थित रहीं।

## सिहमा के शहीद जसवंत की 30वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

# सीमाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारियां निभाने में वीर सैनिकों का अहम योगदानः अमीलाल

श्रद्धांजलि सभा में समूह केंद्र गुरुग्राम से आए सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट सुहेल लियाकत व उनकी टीम ने शहीद के चित्र के सामने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर शहीद के परिवार को सम्मानित किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली





**मंडी अटेली।** शहीद सब इंस्पेक्टर जसवंत सिंह व शहीद की पत्नी को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

सिहमा के शहीद सीआरपीएफ के जवान सब इंस्पेक्टर जसवंत सिंह की 30वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस श्रद्धांजलि सभा में समूह केंद्र गुरुग्राम से आए सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट सुहेल लियाकत व उनकी टीम ने शहीद के चित्र के सामने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर शहीद के परिवार को सम्मानित किया।

सब इंस्पेक्टर जसवंत सिंह सन 1963 में सिपाही के पद पर मध्य प्रदेश के नीमच में भर्ती हुए थे। वह 83 बटालियन सीआरपीएफ मणिपुर में तैनात थे। बचपन से ही उनका सेवा में जाने की रुचि थी। 28 जून सन 1995 में मणिपुर में पेट्रोलिंग करते समय आतंकवादियों से उनकी मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में वह देश के लिए शहीद हो गए। शहीद जसवंत सिंह के दो बेटे एवं एक बेटी है। उनका बड़ा बेटा वेदपाल सीआरपीएफ में डीएसपी के पद पर गुरुग्राम में तैनात है। उनका छोटा बेटा राकेश कुमार जिला उपायुक्त कार्यालय नारनौल में कार्यरत है। उनकी बेटी की शादी हो चुकी है।

शहीद के बड़े बेटे डीएसपी वेदपाल ने बताया कि जब वह ड्यूटी करता है तो उसे गर्व होता है कि उसके पिता ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर भारत माता की रक्षा की है। वह खुद भी अपने पिता की तरह ही देश की सेवा कर रहा है। शहीद के छोटे भाई अमीलाल ठेकेदार ने बताया कि आजादी से लेकर वर्तमान में सीमाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारियां निभाने में वीर सैनिकों का अहम योगदान रहा है। हम सबको इस बात का अहसास होना चाहिए कि हमारे सैनिक किस प्रकार अपने घरों से दूर रहकर और विपरीत परिस्थितियों में देश की सुरक्षा में लगे हैं। शहीदों के त्याग की भांति हमें भी देश को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। देश के वीर-शहीद हम सबकी प्रेरणा के स्त्रोत हैं। उन्होंने देश की रक्षा के लिए जो बलिदान और त्याग किए, हमें उनका अनुकरण करना चाहिए। सिहमा गांव के ग्रामीणों ने गुरुग्राम से आए सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट सुहेल लियाकत से गांव के राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल का नाम शहीद सब इंस्पेक्टर जसवंत सिंह के नाम पर रखने की मांग की। सहायक कमांडेंट ने आश्वासन दिया है कि प्रदेश सरकार को जल्द एक पत्र भेज दिया जाएगा। इस मौके पर शहीद जसवंत सिंह की पत्नी नारायणी देवी, सरपंच प्रतिनिधि प्रमोद यादव, राजेंद्र, फूल सिंह, अमीलाल, पूर्व सरपंच नरेश यादव, सुखबीर, जगदीश, बिरेंद्र, रामौतार, हवलदार हीरालाल प्रजापत, हवलदार विद्यानंद, जयपाल सिंह शेखावत, नरेंद्र सिंह व नरेश कुमार के ग्रामीणों ने उनको श्रद्धांजलि दी।

## सूरज डिग्री कॉलेज का बीबीए व बीएससी में शानदार प्रदर्शन


पूजा


शिवानी


नेहा

- बीबीए की छात्रा पूजा ने पूरे विश्वविद्यालय में पाया दूसरा स्थान

**महेंद्रगढ़।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर द्वारा बीबीए और बीएससी आनर्स फिजिक्स चतुर्थ सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें सूरज कॉलेज के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। कॉलेज निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि बीएससी आनर्स फिजिक्स की छात्रा नेहा पुत्री चेतन प्रकाश निवासी महेंद्रगढ़ ने 79.11 प्रतिशत अंक के साथ विश्वविद्यालय में आठवां एवं कॉलेज में प्रथम स्थान पर रही, इसी संकाय की छात्रा मनीषा पुत्री कृष्ण कुमार निवासी बिहाली ने 74.89 प्रतिशत अंक हासिल कर कॉलेज में द्वितीय स्थान पर रही। इसी कड़ी में बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा पूजा पुत्री विक्रम कुमार निवासी रामलवास ने 81.17 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे विश्वविद्यालय में दूसरे व कॉलेज में प्रथम स्थान पर रही। जबकि छात्रा शिवानी पुत्री कुलदीप सोनी निवासी महेन्द्रगढ़ ने 76.33 प्रतिशत अंक के साथ पूरे विश्वविद्यालय में दसवां एवं कॉलेज में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी संकाय की छात्रा भावना पुत्री छवि प्रकाश निवासी निम्बी ने 75.33, अरविंद पुत्र बीरसिंह निवासी झगड़ोली ने 63.33, हिना पुत्री छविप्रकाश ने 62.0 प्रतिशत अंक के साथ परीक्षा को उत्तीर्ण किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुधाकर गुप्ता ने बताया कि कॉलेज का श्रेष्ठ परिणाम विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम व शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने बताया कि कॉलेज के विद्यार्थी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। निदेशक संदीप प्रसाद ने भी परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई दी।

# सर्व अजा संघर्ष समिति खण्ड नांगल चौधरी के पुनः प्रधान बने रोहतास बबेरवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** नवनियुक्त पदाधिकारी व संस्था के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के तत्वावधान में डॉ. अंबेडकर भवन में नांगल चौधरी के त्रिवार्षिक खंड स्तरीय चुनाव करवाने के संबंध में समिति के प्रधान चन्दन सिंह जालवान की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसका संचालन करते हुए समिति के महासचिव एवं कबीर सामाजिक उत्थान संस्था दिल्ली के वाइस चेयरमैन बिरदी चंद गोठवाल ने सभा में गत बैठक के कार्रवाई पढ़कर सुनाई। जिसका सर्व सहमति से अनुमोदन कर दिया गया। इसके बाद गोठवाल ने सभा को सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति की ओर से अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। तत्पश्चात चुनाव अधिकारी अंबेडकर सभा के प्रदेश लेखा सचिव रामकुमार ढैणवाल व सहायक चुनाव अधिकारी पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक जयपाल सिंह व नारनौल खण्ड के प्रधान सुरेश नारनौलिया की अगुवाई में खण्ड नांगल चौधरी के विभिन्न पदों का आम सहमति से निर्विरोध चयन कर दिया गया।

जिसमें प्रमुख सलाहकार राजेंद्र कुमार दोखेरा व शेरसिंह इकबालपुर नंगली, प्रधान रोहतास बबेरवाल, उपप्रधान विक्रम चौधरी, सचिव एडवोकेट राहुल चौधरी, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार को आम सहमति से निर्विरोध निर्वाचित किया गया है। समिति की ओर से सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया और समिति के प्रधान चन्दन सिंह जालवान ने सभी पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। खण्ड नांगल चौधरी के प्रधान रोहतास बबेरवाल ने आश्वासन दिया कि दलितों के हक, अधिकार और सामाजिक न्याय की लड़ाई में नांगल चौधरी की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी हमेशा अहम भूमिका निभाएगी। समिति प्रधान चन्दन सिंह जालवान ने सफल व शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न होने पर सभी का आभार व्यक्त किया। खण्ड कनीना के आगामी चुनाव भोजावास के अंबेडकर भवन में छह जुलाई को करवाने की पुष्टि की। इस मौके पर समिति के कानूनी सलाहकार एडवोकेट भीमसिंह दहिया, बंशीधर बायला, गुरु रविदास महासभा के प्रधान बलबीर सिंह बबेरवाल, नांगल दर्गू के सरपंच पूर्णमल, बनवारी लाल आर्य, सुल्तान सिंह जाटीवाल, लखीराम बबेरवाल, नीरसिंह दताल, मनोज कुमार गोलवा, शीशराम, बिट्टू, गजानंद, किशनलाल आदि उपस्थित रहे।

## जजपा के सदस्यता अभियान में लोगों का मिल रहा है भरपूर जनसमर्थनः सुरेंद्र पटीकरा



**नारनौल।** जनसम्पर्क अभियान के दौरान सुरेंद्र पटीकरा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जननायक जनता पार्टी के हलका प्रधान सुरेंद्र यादव की अगुवाई में सदस्यता अभियान के अंतर्गत शनिवार को नसीबपुर गांव में लोगों ने पार्टी की सदस्यता अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर सुरेंद्र प्रधान ने बताया कि पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला के आदेशानुसार प्रदेश स्तर पर 15 जून से 31 जुलाई तक सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सभी हलके से पांच हजार सदस्य बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के इस सदस्यता अभियान में लोग बहुत खुशी से पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। सदस्यता अभियान में लोगों का जनसमर्थन भरपूर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी आगे बूथ स्तर पर व वार्ड स्तर पर भी अभियान को आगे बढ़ाया जाएगा। जिसमें लोगों को पार्टी की नीतियों से अवगत कराया जाएगा तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जाएगा। इस मौके पर अशोक सैनी, संदीप भांखर पार्षद, कार्यालय सचिव वीरेन्द्र घाटाशेर, कुनाल शुक्ला, ईश कुमार, ओमप्रकाश प्रजापत, महेंद्र सिंह, रामसिंह, तनसुख, रामनिवास, गौरीशंकर शर्मा अधिक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



**नारनौल।** कार्यक्रम में भाग लेते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## राव नेतराम स्कूल में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**नारनौल।** सीबीएसई की निर्देशानुसार राव नेतराम पब्लिक स्कूल सलीमपुर में अध्यापक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विषय जानकारी देते हुए विद्यालय प्राचार्या अनिता देवी ने बताया कि विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यशाला में 60 शिक्षकों भाग लिया। जिसका विषय लाइफ स्कील था। प्रशिक्षण कार्यशाला में सीबीएसई की ओर से निर्धारित रिसोर्स पर्सन डॉ. राममोहन वशष्ठि व नरोतमा शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने बताया कि सीबीएसई की ओर से सभी अध्यापकों को 25 घंटे का प्रशिक्षण अनिवार्य है। कार्यशाला में शिक्षकों के साथ विभीन्न विषयों पर चर्चा हुई कि किस प्रकार बच्चों को औश्र अच्छी शिक्षा व बेहतर वातावरण के साथ अच्छे परिणाम दिए जा सके। जिसके लिए बच्चों के साथ कक्षा में चर्चा, डिबेट, कहानी, गीत, ड्रामा व खेल-खेल में सिखाने का प्रयास करना चाहिए।

# प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को बूथ स्तर तक सफल बनाएः यतेंद्र राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** बैठक को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष यतेंद्र राव। फोटो : हरिभूमि

भाजपा जिला कार्यालय में मन की बात कार्यक्रम को लेकर एक बैठक रखी गई। जिसकी अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव ने की। बैठक में इस बार पीएम के लोकप्रिय कार्यक्रम को बूथ स्तर तक सफल बनाने व हर बूथ पर सक्रियता बढ़ाने इस विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। पिछले महीने भी जिला टीम ने सभी 772 बूथों पर शत प्रतिशत रिपोर्टिंग संगठन की सरल ऐप पर की थी। जिसके लिए टीम को मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष व संगठन मंत्री ने पंचकूला में सराहा था। इस बार भी शत प्रतिशत का लक्ष्य है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 जून सुबह 11 बजे अपने मन की बात के माध्यम से देश को संबोधित करेगें। हर महीने प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम की यह 123वीं कड़ी होगी। प्रधानमंत्री मोदी आमतौर पर हर माह आखिरी रविवार को सुबह 11 बजे रेडियो के माध्यम से देशवासियों से मन की बात करते हैं। प्रधानमंत्री का लोगों के साथ यह संवाद काफी लोकप्रिय है। इस रेडियो कार्यक्रम को तमाम न्यूज चैनल भी प्रसारित करते हैं। इस कार्यक्रम के लिए आप भी अपने विचार व सुझाव साझा कर सकते है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी उनमें से कुछ चयनित विचारों व सुझावों को अपने कार्यक्रम में शामिल करते हैं। यतेंद्र राव ने कि आप टोल फ्री नंबर 1800117800 पर फोन कर संदेश रिकॉर्ड करा सकते हैं। इस मौके पर मुकेश, मंजीत, हरपाल, वीरेंद्र, प्रवीण, मनोज कुमार, मनोज यादव, कर्मवीर, प्रमोद, सुभाष, अशोक, संदीप, दीपिका, बेबी देवी, किशनलाल, संजय अमन, आनंद मेहता, विकास अग्रवाल आदि मौजूद थे।



**नारनौल।** मीटिंग करते गुर्जर कल्याण परिषद के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## गुर्जर कल्याण परिषद की निर्विरोध चुनी गई नई कार्यकारणी सत्यापित

**नारनौल।** गुर्जर कल्याण परिषद की गत दिनों चुनी गई कार्यकारिणी को फर्म एंड सोसायटी ने सत्यापित कर दिया है। बता दें कि गुर्जर कल्याण परिषद की गत 14 जून को हुई अहम बैठक में कार्यकारणी एवं सदस्यों का निर्विरोध रूप से गठन करने का निर्णय लिया गया था, जिसमें अध्यक्ष पद पर कुलदीप सिंह भरगड़ एडवोकेट को तीसरी बार चुना गया। कुलदीप भरगड़ को प्रथम बार 2019 में संस्था के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिली थी, जिसके बाद उन्होंने सार्वजनिक रूप से संस्था की बैठक कर मृत्यु–भोज, बाल विवाह जैसी समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ प्रस्ताव पास करवा कर पाबंदी लगाने का प्रयास किया और समाज के मेधावी छात्रों हेतु प्रति वर्ष प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने की पहल की। होली मिलन समारोह जैसे कार्यक्रमों की शुरुवात करवा की और सालों से गुर्जर समाज के लिए जिला हेडक्वार्टर पर सामुद्घायिक भवन के लिए भूमि की सरकार से मांग उठाई तथा भू खंड खरीद कर गुर्जर छात्रावास/लाइब्रेरी बनाने की तैयारी की हुई है, जैसे महत्वपूर्ण कार्य करवाए। इस बैठक में निर्विरोध ही उपाध्यक्ष के रूप में रामशरण चंदेला को चुना गया। वह पूर्व बैंक मैनेजर एवं संतराम सिराधना पूर्व डीएम हैफेड रह चुके हैं। सचिव पद हेतु निर्विरोध सेवानिवृत एयरफोर्स उमराव सिंह चंदेला को पुनः उनके द्वारा लिए गए कार्यों को देखते हुए दोबारा चुना गया है। सह–सचिव के रूप में डॉ. रामपाल गुर्जर जैलाफ को चुना गया।

# नेकी की दीवार नीडी हेल्प ग्रुप ने बिटिया का किया कन्यादान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** शादी में दिए जाने वाले सामान के साथ संस्था के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

शहर की अग्रणी संस्था नेकी की दीवार नीडी हेल्प ग्रुप ने संस्था की मुहिम गरीब सुकन्या विवाह कन्यादान के अंतर्गत एक गांव की बिटियां का कन्यादान किया। इस जरूरतमंद परिवार की जानकारी संस्था के साथी भाई गजेंद्र ठेकेदार ने दी थी। इस परिवार की हालत बहुत ज्यादा नाजुक है, इसका संस्था ने विचार विमर्श करके सहयोग करने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्यारसी लाल सरपंच गांव थाना रहे। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन शर्मा, दलजीत गौतम शास्त्री, चेयरमैन यूएसएसएल एकेडमी राकेश यादव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनीष गोगिया व संदीप जैन ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम के संयोजक कुनाल शुक्ला, मनीष गर्ग अनिल शर्मा थे।

अतिथियों ने कहा कि आज के युग में अपने लिए समय निकालना बड़ा मुश्किल काम है, ऐसे समय में संस्था के साथी नेक कार्य को अंजाम दे रहे है। यह बहुत बड़ी बात है। इसके लिए सभी साथी बधाई के पात्र है। विपिन शर्मा ने कहा कि पिछले कई सालों से संस्था के संस्थापक मनीष गोगिया के सानिध्य में कन्यादान की मुहिम को सुचारू रूप से चलाया जा रहा है। इस मुहिम के अंतर्गत लगभग 450 बहनों का कन्यादान किया जा चुका है। इसके लिए मनीष गोगिया का आभार प्रकट करते हैं, जिन्होंने इस मुहिम को चलाया। जिसके माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद परिवार को सहायता मिल रही है। मनीष गोगिया ने कहा कि कन्यादान से बड़ा कोई दान नहीं होता है।

इस प्रकार के कार्यों को करने से खुशी तो होती है, साथ ने मन भी प्रसन्न होता है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मनीष गोगिया, संदीप जैन, राकेश यादव, प्रवेश जांगिड़, अनिल शर्मा, विपिन शर्मा, दलजीत गौतम शास्त्री, गजेंद्र ठेकेदार, हिमाचल हलवाई, हिमांशु संघी, मनीष गर्ग, राकेश यादव मित्रपुरा, डॉ. प्रदीप एडीओ, कुनाल शुक्ला, सुनील शर्मा, सुनील गोयल, जयप्रकाश गोयल, संजय सैनी आदि मौजूद थे।

कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद बहन की शादी अच्छे से हो सके, इसके लिए सभी भाइयों ने मिलकर एक बार अपना फर्ज निभाते हुए कन्यादान में 51 बर्तन का सेट, लहंगा चुनरी, सूट साड़ियां, अटैची, प्रेस, कुकर, सीनरी, हॉट केस, बॉटल सेट फ्रीज वाली, थर्मस, बॉटल, पंखा, डबल बेड शीट, डबल बेड कम्बल, लेडीज पर्स, कप सेट, पैंट शर्ट, फैंसी स्लीपर, ट्रे सेट, वाटर कैम्पर, दीवार घड़ी, मिक्सी व नकद 501 रुपये का कन्यादान का सहयोग किया गया।

## मास्टर मांगेराम तिवाड़ी के निधन से शोक की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



स्वर्गीय मांगेराम तिवाड़ी

प्रसिद्ध शिक्षाविद् 76 वर्षीय मास्टर मांगेराम तिवाड़ी का बीमारी के चलते अकस्मात निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को शुक्रवार 27 जून शाम चार बजे मोड़ा आश्रम स्थित स्वर्गाश्रम में अंतिम विदाई दी गई। उनके ज्येष्ठ पुत्र प्रदीप शर्मा ने अंतिम संस्कार की क्रिया को निभाया। समाज में उनके व्यतित्व की झलक इसी बात से स्पष्ट होती है कि उनके अंतिम संस्कार में क्षेत्र के सभी समाज के सैकड़ों गणमान्य जनों ने उपस्थित रह कर शिक्षाविद् मास्टर मांगेराम तिवाड़ी की अंतिम यात्रा में शामिल होकर उन्हें अंतिम विदाई दी। वर्ष 1975 से नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था लालाराधा कृष्ण पाठशाला में शिक्षक के पद पर अपनी शिक्षा के प्रति समर्पण यात्रा को प्रारंभ किया और अंतिम क्षणों तक भी पाठशाला के केयर टेकर के रूप में जुड़े रहे। नगर के अनेक सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं में भी मास्टर मांगेराम तिवाड़ी का योगदान अविस्मरणीय रहेगा। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए है। उनकी प्रत्येक व्यक्ति को देखकर अभिवादन व मुस्कुराने की कला लोगों के हृदय अमिट छाप छोड़ दी। वे अपने पीछे दो विवाहित पुत्र और पुत्री, पोते पोती, नाते नाती छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा में उनके बड़े भाई सत्यनारायण तिवाड़ी, महावीर तिवाड़ी, पूर्णमल शर्मा, रविशंकर तिवाड़ी, श्रीकिशन तिवाड़ी, याहा हरियाणा के निदेशक अनिल कौशिक, बसंत सेठ, सतीश तिवाड़ी, राकेश तिवाड़ी, बालकिशन तिवाड़ी, सुभाष तिवाड़ी, राजेश तिवाड़ी, अनिल तिवाड़ी, सुरेंद्र बंटी, सुशील बिढाठ, एमएल शर्मा, प्रमोद तिवाड़ी, शुभम तिवाड़ी, भावेश, नीरज तिवाड़ी, सतपाल शर्मा सहित अनेक लोग शामिल रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

मै प्रभुदयाल पुत्र अर्जुन सिंह वासी अमरपुरा तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मैने गोदनामा के जरिए एक पुत्र सुरेंद्र को गोद लिया हुआ है। मेरा उक्त दत्तक पुत्र सुरेंद्र व उसकी पत्नी सापना मेरे कहने सुनने से बाहर है व अपनी मनमानी करते है। इसलिए मै इनको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने गुमशुदा बच्चों को परिजनों से मिलाया

**नारनौल।** थाना शहर पुलिस को गश्त के दौरान दो बच्चे शहर क्षेत्र में लावारिस हालत में घूमते हुए मिले। बच्चों को थाना में लाकर उसके परिजनों से मिलवाने के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस ने बच्चों के परिजनों का पता लगाकर बच्चों को सकुशल उनके हवाले किया। दोनों बच्चे खोल रेवाड़ी क्षेत्र से शहर में आ गए थे। जिसकी जानकारी उनके परिजनों को नहीं थी। काफी देर तक बच्चों के घर न पहुंचने पर परिजन बच्चों की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान थाना शहर पुलिस को गश्त के दौरान यह दोनों बच्चे मिले, पुलिस ने बच्चों से उनके नाम पता व माता पिता के बारे में पूछा और बच्चों से उनके परिजनों के मोबाइल नंबर लेकर उनको सूचित किया गया। पुलिस ने बच्चों को सकुशल उसके परिजनों को सौंप दिया।

### 192 गर्भवती महिलाओं को लगाए गए टीके

**नारनौल।** जिले में 23 से 28 जून तक चलाए गए स्पेशल प्रतिरक्षण सप्ताह के तहत लगभग 1315 बच्चों व 192 गर्भवती महिलाओं को टीके लगाए गए। यह जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि यदि किसी कारण से कोई बच्चा बिना टीकाकरण के वंचित रह गया हो तो वो अपने बच्चा का नजदीकी स्वास्थ्य संस्था पर कार्यरत एएनएम से मिलकर टीकाकरण करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा जिले में 16 से 31 जूलाई तक दस्त रोको अभियान चलाया जा रहा है। जिसका लक्ष्य दस्तों की वजह से जीरों मृत्यु दर प्राप्त करना है। उन्होंने बताया कि गांवों में आशा वर्कर पांच साल तक के सभी बच्चों को ओआरएस के पैकेट तथा जिंक की गोलियां घर घर जाकर वितरित की जा रही है व ओआरएस का घोल बनाने की विधि बताई जा रही है। सिविल सर्जन ने आमजन से अनुरोध किया है कि बच्चें को दस्त होने पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में सम्पर्क करें और बच्चें को ओआरएस का गोल व जिंक की गोली अवश्य दें।

### अवैध हथियार के साथ युवक काबू

**नारनौल।** सीआईए ने थाना नांगल चौधरी क्षेत्र से अवैध हथियार रखने



के मामले में गुप्त सूचना के आधार पर आरोपित राजेश वासी थनवास नांगल चौधरी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित से पुलिस ने एक अवैध देसी कट्टा व जिन्दा कारतूस बरामद किया। आरोपित के खिलाफ थाना नांगल चौधरी में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपित से पूछताछ कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सीआईए टीम गश्त के दौरान नया बस स्टैण्ड नांगल चौधरी पर मौजूद थी, टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक नौजवान लड़का राजेश वासी थनवास थाना नांगल चौधरी ढाकोडा बस स्टैंड के नजदीक खड़ा है और अवैध हथियार लिए हुए है। सूचना के आधार पर टीम उक्त स्थान के नजदीक पहुंची थी।

# पुरानी हवेली भरभराकर गिरी, बड़ा हादसा टला, शहर में पुरानी हवेलियों की भरमार, प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

■ शहर के मोहल्ला मिश्रवाड़ा, पुरानी सराय, चांदुवाड़ा, संघीवाड़ा, पुरानी मंडी में अनेक पुरानी हवेलियां, सभी की हालत बहुत खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर में शनिवार सुबह एक पुरानी हवेली भरभराकर गिर गई। हवेली का अगला हिस्सा जाने वाले रास्ते में गिर गया। हालांकि गनीमत रही कि उस समय कोई भी वहां से नहीं गुजर रहा था, वरना कोई बड़ा हादसा हो सकता था। हवेली के मालिक शहर से बाहर रहते हैं। इसलिए उसका मलबा भी नहीं उठाया गया था। बता दें कि शहर के





नारनौल। भरभराकर गिरा पुरानी हवेली का हिस्सा। व शहर में स्थित पुरानी हवेली।

पुराने मोहल्ले संघीवाड़ा में अनेक पुरानी हवेलियां हैं। इनमें से ज्यादातर हवेलियों की हालत जर्जर हो चुकी है। जिनकी देखरेख करने वाला भी कोई नहीं है, क्योंकि इन हवेलियों के मालिक अनेक लोग व कुछ हवेलियों के मालिक दूसरे शहरों में जाकर रहने लग गए हैं। ऐसे में ये जर्जर हवेलियां कभी भी गिर सकती हैं। जिससे कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। शहर में इतनी पुरानी हवेली हैं कि हर साल कोई न कोई हवेली गिरने का हादसा होता रहता है।

जानकारी के अनुसार सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश की मोहल्ला संघीवाड़ा में एक पुरानी हवेली है। सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश का परिवार इन दिनों इंदौर में रहता है। इनके बेटे वहीं पर व्यापार करते हैं। शनिवार सुबह उनकी दशकों पुरानी हवेली का अगला हिस्सा अचानक भरभराकर गिर गया।

जिसका मलबा हवेली के अंदर व कुछ बाहर रास्ते में आ गिरा। जिस समय हवेली का हिस्सा गिरा, उस समय वहां से कोई नहीं गुजर रहा रहा था। जिससे कोई बड़ा हादसा होने से टल गया। लेकिन क्या आगे ऐसा नहीं होगा।

#### कभी हो सकता है हादसा

शहर के मोहल्ला शहर के मोहल्ला मिश्रवाड़ा, पुरानी सराय, चांदुवाड़ा, संघीवाड़ा व पुरानी मंडी में अनेक पुरानी हवेलियां हैं। इन हवेलियों की हालत बहुत ही खराब स्थिति में है। कई हवेलियों में तो लोग रह भी रहे हैं। ऐसे में इनके गिरने से कोई भी हादसा हो सकता है। पुरानी जर्जर हवेलियों में से अनेक हवेली हर साल बारिश के दिनों में गिरती हैं।

#### बारिश के मौसम में अक्सर गिरती रहती है हवेलियां

शहर के लोगों का कहना है कि मानसून के इस सीजन में दो से तीन बार अच्छी आरिश हो चुकी। ऐसे में हो सकता है छतों की सफाई नहीं होने के कारण पानी जमा हो गया होगा। जिससे छत में कोई दरार आ गई हो। जिसके चलते यह हवेली गिर गई हो। बता दें कि शुक्रवार सायं को भी करीब 10 से 15 मिनट तक शहर में अच्छी बारिश हुई थी, लेकिन जिस समय हवेली गिरी उस समय बारिश नहीं हो रही थी।

### सहकारी श्रम एवं निर्माण समितियों को 1 करोड़ तक के कार्यों में मिलेगी प्राथमिकता

**नारनौल।** हरियाणा सरकार ने सहकारी श्रम एवं निर्माण समितियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 27 जून को जारी गजट नोटिफिकेशन के तहत निर्णय लिया है कि एक करोड़ रुपये रुपये तक के सभी कुशल व अकुशल कार्यों में इन्हीं समितियों को प्राथमिकता दी जाएगी। सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले से न केवल समितियों को आर्थिक मजबूती मिलेगी, बल्कि प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी पर भी अंकुश लगेगा। इस पर हरियाणा सहकारी श्रम एवं निर्माण समितियों के चेयरमैन नवल सिंह यादव ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा किए यह निर्णय प्रदेश की हजारों सहकारी समितियों के लिए संजीवनी साबित होगा। इससे युवाओं को अपने क्षेत्र में ही काम मिलेगा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा।

### सरकार पर मांगें नहीं लागू करने का आरोप, हड़ताल का निर्णय

# 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेंगे कर्मचारी, मीटिंग आयोजित

राज्य उपप्रधान अफलातून जाखड़ ने 9 जुलाई को प्रस्तावित एकदिवसीय राष्ट्रव्यापी सांकेतिक हड़ताल की तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन (रजिस्टर्ड नं. 41) संबंधित सर्व कर्मचारी संघ की एक संयुक्त मीटिंग लोक निर्माण विभाग (भवन एवं मार्ग) रेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान कौशल यादव ने की, जबकि मंच का संचालन जिला सचिव विजेंद्र शर्मा ने किया। मीटिंग में राज्य उपप्रधान अफलातून जाखड़ व राज्य प्रचार सचिव सुबेसिंह



नारनौल। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में मीटिंग करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस मौके पर राज्य उपप्रधान अफलातून जाखड़ ने 9 जुलाई को प्रस्तावित एकदिवसीय राष्ट्रव्यापी सांकेतिक हड़ताल की तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा की तथा कहा कि यह हड़ताल देशभर की ट्रेड यूनियनों एवं जन संगठनों के आह्वान पर की जा रही है। जिला सचिव ने जानकारी देते हुए बताया कि सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में रेशेनेलाइजेशन के नाम पर बेलदार, कैनाल गार्ड, हेल्पर, सुपरवाइजर, मैसन, अर्थ वर्क मिस्त्री, स्टोर कीपर, टेलीफोन अटेंडेंट, प्लंबर, चार्जमैन, फोरमैन सहित लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़क) के मैकेनिकल विंग में कार्यरत कर्मचारियों के सैकड़ों पदों की कटौती की सिफारिश की गई है। यह सिफारिश न केवल नियमों की अनदेखी है, बल्कि इससे भविष्य में बेरोजगारी और विभागीय कार्यक्षमता पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा। संगठन सरकार के इस निर्णय की घोर निंदा करता है और स्पष्ट करता है कि अगर इस पर पुनर्विचार कर यूनियन को बातचीत के लिए नहीं बुलाया गया तो कर्मचारियों के भारी रोष को देखते हुए एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

#### नौ जुलाई की हड़ताल को बनाएंगे सफल

यूनियन ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि सभी नियमित व कच्चे कर्मचारी 9 जुलाई की हड़ताल में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे और इसे पूर्ण रूप से सफल बनाएंगे। मीटिंग मे जिला उपप्रधान संजय यादव, जिला ऑडिटर ओमवीर सिंह, जिला कैशियर नरेंद्र कुमार, ब्रांच प्रधान परमवीर सिंह, ब्रांच प्रधान नरेंद्र कुमार, ब्रांच सचिव आदित्य, सचिव नवीन, ब्रांच सचिव अनिल, राजबीर, मनोज, सुरेंद्र यादव, अनिल कुमार व प्रदीप सैंकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।

#### सरकार को सौंपा जा चुका है 21 सूत्रीय मांगपत्र

मीटिंग में यह भी दोहराया गया कि संगठन पहले भी तीनों विभागों (सिंचाई विभाग, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा लोक निर्माण विभाग भवन एवं सड़कें) की प्रमुख मांगों को लेकर सरकार से लगातार संपर्क में रहा है। इनमें सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने की नीति बनाना, एचकेआरएन के हटाए गए कर्मचारियों को वेतन व पुनर्नियुक्ति, सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करना, एचकेआरएनएल कर्मचारियों के वेतन में समय–समय पर वृद्धि, कॉमन केडर को रद्द कर विभागीय प्रमोशन, फील्ड कर्मचारियों के प्रमोशन में कंप्यूटर शर्त को हटाना, कैनाल गार्ड, गेज रीडर व मेट को तृतीय श्रेणी का दर्जा देना, टर्म अप्वाइंटी कर्मचारियों को 23,900 वेतनमान देना, कॉमन केडर के कर्मचारियों को विभागीय नियमों के तहत पदोन्नति, सरकारी भवनों/सड़कों का रख-रखाव विभागीय अमले से करवाना, खाली पदों को तुरंत भरना, सेवा नियमों व वेतन विसंगतियों को दूर करना, वर्दी धुलाई भत्ता मासिक वेतन के साथ देना शामिल है। इन मांगों को लेकर पहले भी सरकार को 21 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा जा चुका है, लेकिन इनकी लगातार अनदेखी से कर्मचारियों में भारी असंतोष है।



नारनौल। पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी।

### पूर्व मंत्री को कर्मचारियों ने उनके आवास जाकर सौंपा ज्ञापन, विस में उठाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणागवर्मेंट पी डब्ल्यू डीमैकेनिकल वर्कर्स यूनियन संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ ने शनिवार प्रातः पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव को उनके निवास स्थान जाकर एक ज्ञापन सौंपा तथा सरकार से इन मांगों को लागू कराने की मांग की। इस पर विधायक ने उन्हें इन मांगों को विधानसभा में सरकार के समक्ष उठाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन जिला प्रधान रमेश चन्द्र यादव की अध्यक्षता में दिया गया। उन्होंने ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की है कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम, टर्म अपाइंटी, दैनिक भोगी, पंचायत के अधीन व अन्य सोर्स कर्मचारियों को 2024 अधिनियम के तहत नौकरी सुरक्षा प्रदान की जाए। कर्मचारियों को 2020 से 2023 तक की एलटीसी दी जाए। हरियाणा कौशल रोजगार निगम पर 31 मार्च 2022 की बजाए जुलाई 2022 से चढ़ाया जाए। केन्द्र के समान सभी वेतन व भत्ते लागू किए जाएं। 2016 से बकाया एचआरए का भुगतान किया जाए। ड्यूटी के दौरान दुर्घटना होने पर 30 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए व परिवार के सदस्य को नौकरी दी जाए। मेडिकल कैशलैस की सुविधा पूर्ण रूप से लागू की जाए और इसमें आश्रितों को भी जोड़ा जाए। कैशलैस मेडिकल सुविधा सभी हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों पर भी लागू की जाए। जो कि ईएसआई के दायरे से बाहर है, इन्हें भी शामिल किया जाए। इसमें पब्लिक हेल्थ विभाग व अन्य विभागों से सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया, जिसमें पूर्व केंद्रीय संगठन सचिव राधेश्याम शर्मा, कोषाध्यक्ष कैलाश सैनी, जिला उपप्रधान दलीप कुमार, जिला प्रेस सचिव रामशरण यादव, सुरेश कुमार, सुनील, राजेश, कृष्ण, परविंद्र, उमेद, जोगेंद्र, बलकेश, प्रेम, उमाशंकर, राजीव, अरविंद, सुधाकर आदि ने भाग लिया।

### बिना भेदभाव के महेंद्रगढ़ विकास की राह पर अग्रसर: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सरकार की जनहितेषी नीतियों का लाभ आज हर वर्ग को मिल रहा है। बिना भेदभाव के विकास कार्य प्रगति पर है। आने वाले दिनों में महेंद्रगढ़ विकास के मामले में काफी आगे होगा। उपरोक्त विचार शनिवार को महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह ने लोगों की समस्याएं सुनते हुए उपस्थित लोगों के समक्ष कहें। इस दौरान उन्होंने जिला लोक संपर्क एवं जिला शिकायत निवारण समिति (ग्रीवेंस कमेटी)के मनोनीत सदस्य कमल सैनी को बधाई दी।

उपस्थित लोगों ने विधायक कंवर सिंह यादव व कमल सैनी का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान ग्रीवेंस कमेटी सदस्य कमल सैनी ने स्थानीय विधायक कंवर



महेंद्रगढ़। विधायक कंवर सिंह यादव को मिठाई खिलाते हुए।

सिंह के साथ-साथ अपनी नियुक्ति पर सीएम नायब सिंह सैनी, सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह, जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर लक्ष्मी नारायण सैनी, पूर्व पार्षद महावीर सैनी, ईश्वर सैनी आढ़ती, राजेश सैनी, कृष्ण आढ़ती, देवेंद सैनी, ओमप्रकाश सैनी, सुनील अग्रवाल, अजीत सैनी, बालकिशन पाथरोलिया व कृष्ण ठेकेदार सहित अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### गांव या क्षेत्र का विकास सड़क मार्गों पर निर्भर करता है: ओमप्रकाश यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

किसी भी गांव या क्षेत्र का विकास वहां के बेहतर सड़क मार्गों पर निर्भर करता है। इसी योजना के साथ केंद्र व प्रदेश सरकार प्रदेश में बेहतर सड़क मार्गों को बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उक्त बात विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव ने हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की ओर से दो करोड़ 15 लाख रुपये की लागत से विधानसभा में बनने वाली मोहनपुर से पधाना राजस्थान बार्डर, बापड़ोली से सौनियों की ढाणी व कारोता से खतौली जाट तक सड़कों का शिलान्यास करते हुए कही। इस अवसर पर पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव ने लगभग 1.79 करोड़ रुपये की लागत से पंचायत में विभिन्न



नारनौल। सड़कों का शिलान्यास करते विधायक ओमप्रकाश यादव।

विकास कार्यों, 15 लाख रुपये की लागत से हरियाणा राज्य कृषि पूर्ण बोर्ड की ओर से सड़कों के मरम्मत के विशेष रास्तों का उद्घाटन भी किया। यादव ने कहा कि आज पूरे प्रदेश के साथ साथ विधानसभा क्षेत्र की सड़कों की स्थिति लगभग बेहतर हो चुकी है, कुछ मार्ग बचे हैं उन पर भी सरकार विशेष योजना बनाकर सिद्र ही कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद केंद्र व प्रदेश सरकार ने निरंतर ऐसी योजनाएं बनाकर गांवों में विकास कार्य किए हैं जो आम जनमानस को धरातल पर दिखाई देते हैं। इससे पूर्व की सरकारों ने कभी भी धरातल पर कोई काम नहीं किया और जिले में विकास रूपी पहिया रूक गया था।

### अटेली में लगे सफेदे के पुराने पेड़ों को हटवाने की लेकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली थाना परिसर में लगे सफेदे के पुराने पेड़ों को हटवाने की मांग को लेकर शनिवार को मंडी अटेली के व्यापार मंडल के अध्यक्ष रतन गर्ग, नगर पालिका प्रधान संजय गोयल और सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र सिंघल ने थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लिखा गया कि ये पेड़ 50 साल से अधिक पुराने हैं। हाल ही में यह पेड़ काफी पुराने हो चुके हैं, ये पेड़ खोखले हो चुके हैं। इनकी लंबाई भी काफी अधिक हो चुकी है। इससे आसपास रहने वाले लोगों के लिए खतरा बना हुआ है। इसके लिए व्यापार मंडल के द्वारा वह नगर पालिका अध्यक्ष के द्वारा पत्र लिखकर पुराने पेड़ हटवाने का आग्रह किया है। पिछले तूफान में कुछ पेड़ गिरने से थाना बिल्डिंग



और वाहनों को काफी नुकसान हुआ था। आने वाले मानसून में ऐसी घटनाएं फिर दोबारा न हो, इसी को लेकर मंडी अटेली और आसपास के लोगों ने पुलिस अधीक्षक को थानेदार के माध्यम से ज्ञापन भेजा है। इस ज्ञापन के माध्यम से इन पेड़ों को जल्दी से जल्दी हटवाने की अपील की गई है। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि इस संबंध में विभाग को पहले ही लिखा जा चुका है। अब दोबारा रिमाइंडर भेजा जाएगा। जल्द ही समाधान किया जाएगा।

### नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन नं 1933 पूरी तरह से कार्यशील

# नशे के कार्य में संलिप्त के बारे में हेल्पलाइन नंबर 1933 पर दें जानकारी

डीसी ने की युवाओं से अपील, नशे से दूर रहें नशा मुक्त अभियान को सफल बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला प्रशासन ने युवाओं व नागरिकों से अपील की है कि वे नशे जैसी बुराइयों से दूर रहें और नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में अपना सक्रिय योगदान दें। नशे के कार्य में संलिप्त किसी भी व्यक्ति या समूह के बारे में जानकारी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1933 पर शिकायत दर्ज कराएं। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने विशेष रूप से युवाओं से नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत रहने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का आग्रह किया। उपायुक्त ने बताया कि केंद्रीय सरकार की ओर से



उपायुक्त डॉ. विवेक भारती।

नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ शुरू की गई नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन मानस 1933 अब हरियाणा राज्य में पूरी तरह से कार्यशील है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे नशे के कार्य में संलिप्त किसी भी व्यक्ति या समूह के बारे में जानकारी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1933 पर शिकायत दर्ज कराएं।

यह नंबर नागरिकों को त्वरित और गोपनीय तरीके से शिकायत दर्ज कराने की सुविधा प्रदान करता है, जिससे नशीली दवाओं के तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को भी कहा है कि वे हेल्पलाइन नंबर 1933 के बारे में व्यापक प्रचार प्रसार करें, ताकि अधिक से अधिक लोग इस सेवा के बारे में जागरूक हों और नशीली दवाओं की तस्करी की रिपोर्ट कर सकें।

#### 2047 तक भारत को नशा मुक्त राष्ट्र बनाना

इस संबंध में सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण एवं अंत्योदय विभाग हरियाणा की ओर से जारी पत्र का हवाला देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य नशे के खतरे से समाज को बचाना और विशेष रूप से युवा पीढ़ी को इसके चंगुल से मुक्त करना है। सरकार का लक्ष्य 2047 तक भारत को नशा मुक्त राष्ट्र बनाना है, इसमें जनभागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य और भविष्य को बर्बाद करता है, बल्कि यह परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। हमें अपने युवाओं को इस दलदल में फंसने से बचाना होगा और उन्हें एक उज्ज्वल भविष्य की ओर प्रेरित करना होगा। उन्होंने आगे कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम अपने आसपास नशे के खिलाफ एक मजबूत दीवार खड़ी करें। हेल्पलाइन नंबर 1933 इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और सभी नागरिकों से इसका उपयोग करने व इस लड़ाई में सहयोग करने का आग्रह करते है।

### पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा देवनगर का बांध, मिनी झील बनाने की योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गांव देवनगर की ग्राम पंचायत की ओर से गांव के बांध को पर्यटन स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना तैयार की है। ग्राम पंचायत की ओर से बांध के साथ 50 से 80 फीट का टीनशेड़ लगाकर उसमें कुर्सियां लगाई जाएंगी। इसके अलावा डिवाईन वाली झोपड़ी लगाकर आसपास के लोग महेंद्रगढ़ में पर्यटन का आनंद ले सकें।

बता दें कि सिंचाई विभाग की ओर से गत वर्ष दोहान नदी पर 11 मीटर की दूरी पर बांध बनाया गया था, जिसमें करीब 3 करोड़ 7 लाख रुपये की लागत आई थी। इस बांध की चौडाई करीब 300 से 500 मीटर है। यह बांध पूरी तरह से मिनी झील की तरह नजर आता है। आसपास के ग्रामीण अक्सर गर्मी के मौसम



बांध का आनंद लेते है तथा युवा यहां तैराकी करते है। बांध के प्रति लोगों की रूचि को देखते हुए ग्राम पंचायत की ओर से बांध को मिनी झील के रूप में विकसित करने की योजना तैयार की है।

**आसपास के लोगों को मिलेगा रोजगार:**

ग्राम पंचायत की ओर से बांध के साथ लगती वन विभाग की जमीन पर लगे पेड़ो की कटाई की अनुमति ली जाएगी तथा इनकी जगह अच्छी किस्म के पेड़ लगाने की योजना बना रहे है, ताकि राजस्थान के कई शहरों के घूमने के लिए जाने वाले लोग महेंद्रगढ़ जिले में भी पर्यटन का आनंद ले सकें।

जिला में महेंद्रगढ़ का पुराना किला, माधोगढ़ की पहाड़ी, ढोसी की पहाड़ी, बीरबल का छत्ता, चोर गुबंद, जल महल, शाह कुली खां का मकबरा, मिर्जा अली की बावड़ी सहित अनेक ऐतिहासिक स्थल हैं। ऐसें राजस्थान में जाने वाले लोग समय यहां घूमने की काफी उम्मीदें हैं। अगर इन पर्यटन स्थानों का विकास होता है तो इस क्षेत्र में व्यापार एवं रोजगार की संभावनाएं बढ़ेगा तथा महेंद्रगढ़ जिला को देश के पर्यटन मानचित्र पर अलग पहचान मिलेगी।

